CMYK

भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 44 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 30 जुलाई 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# मेवाड़ यूनिवर्सिटी में डीएईएसआई डिप्लोमा में फर्जीवाड़ा उजागर

## कृषि मंत्री बोले– खाद-बीज लाइसेंस की जांच होगी, दोषी नहीं बचेंगे

भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़

जिले के गंगरार स्थित मेवाड़ यूनिवर्सिटी में डीएईएसआई डिप्लोमा कोर्स में बड़े पैमाने पर गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। यह डिप्लोमा खाद-बीज विक्रय हेतु आवश्यक लाइसेंस प्राप्त करने की पात्रता देता है, लेकिन कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने मंगलवार को मौके पर पहुंचकर खुलासा किया कि यहां बिना किसी प्रवेश प्रक्रिया, पढ़ाई या परीक्षा के सीधे डिप्लोमा जारी किए जा रहे हैं।

मंत्री ने इसे कृषि क्षेत्र में धोखाधड़ी और किसानों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करार देते हुए कहा कि इस पूरे प्रकरण की गंभीर जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बिना परीक्षा डिप्लोमा, बिना पढ़ाई पास – मंत्री बोले: सीधा फर्जीवाड़ा

निरीक्षण के दौरान मंत्री मीणा ने बताया कि यूनिवर्सिटी द्वारा डीएईएसआई डिप्लोमा कोर्स के नाम पर कोई नियमित कक्षा, उपस्थिति या मूल्यांकन नहीं किया जा रहा है। इसके बावजूद अभ्यर्थियों को सीधे प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं, जिनके आधार पर कई लोग खाद-बीज विक्रय के लाइसेंस तक प्राप्त कर चुके हैं।

उन्होंने कहा कि यह न केवल नियमों की अवहेलना है, बल्कि देश के कृषि क्षेत्र में अपात्र लोगों को प्रवेश दिलाने की साजिश है। इससे किसानों को गलत सलाह, घटिया बीज या नकली खाद मिलने का खतरा है।

### जांच होगी, फर्जी डिप्लोमा व लाइसेंस होंगे निरस्त

मंत्री मीणा ने कहा है कि अब तक जारी हुए डीएईएसआई डिप्लोमा प्रमाण पत्रों की पूरी सूची की जांच करवाई जाएगी। अगर कोई डिप्लोमा फर्जी या प्रक्रियाओं के विरुद्ध पाया गया तो उसके आधार पर जारी खाद-बीज लाइसेंस भी तुरंत रद्द किए जाएंगे। उन्होंने संबंधित विभागों को इस मामले में एफआईआर दर्ज कराने और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के निर्देश भी दिए।



### लाइसेंसधारकों से सावधानी की अपील

कृषि मंत्री ने किसानों और खाद-बीज विक्रेताओं से अपील की कि वे डीलर या सलाहकार से सेवा लेते समय उसकी योग्यता और मान्यता अवश्य जांचें। इस तरह के फर्जी डिप्लोमा से न केवल किसानों का नुकसान होता है, बल्कि कृषि उत्पादन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है ।

### एसओजी जांच और विभागीय कार्रवाई की तैयारी

मंत्री ने कहा कि पूरे प्रकरण की जांच के लिए एसओजी और कृषि विभाग की टीम गठित की जाएगी। साथ ही उन्होंने सवाल उठाया कि जब पहले भी शिकायतें आई थीं, तब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई। हम इस खेल में शामिल हर व्यक्ति को कानून के दायरे में लाएंगे। जो भी दोषी होगा, उसे सजा मिलेगी चाहे वह संस्थान हो या पदाधिकारी।

### ऐसे सामने आया मामला?


बीकानेर निवासी एक शिकायतकर्ता स्वतंत्र बिश्नोई ने मंत्री को बताया कि वह कॉमर्स से है, फिर भी एक दलाल ने 50,000 लेकर डीएईएसआई डिप्लोमा दिलवा दिया। कोई कक्षा नहीं हुई, सिर्फ नामांकन भरवाया गया, और सीधा परीक्षा के लिए बुलाया। कॉपी में कुछ नहीं लिखा था फिर भी फर्स्ट डिवीजन से पास कर दिया गया।

### यूनिवर्सिटी की सफाई– "हमने कोई नियम नहीं तोड़े"

मेवाड़ यूनिवर्सिटी प्रशासन ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि डीएईएसआई एक केंद्र सरकार की योजना है, और वह नियमों के अनुरूप ही कोर्स चला रहे हैं। यूनिवर्सिटी के कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन डॉ. सीडी कुमावत ने कहा कि छात्रों की ऑनलाइन कक्षाओं के वीडियो मौजूद हैं और जेट परीक्षा का नियम बाहर राज्यों के लिए लागू नहीं होता। हालांकि मंत्री मीणा ने परीक्षा कॉपियों और दस्तावेजों का अवलोकन करते हुए गंभीर खामियां पाई, जिन पर यूनिवर्सिटी प्रशासन कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाया।

# अघोरी का वेश धारण कर तंत्र साधना में छिपा था चिट्टा तस्कर, उज्जैन से दबोचा गया

## हनुमानगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो साल से था फरार, देश के प्रसिद्ध मंदिरों में बना रखा था ठिकाना





भीलवाड़ा फोकस @ हनुमानगढ़

चिट्टा हेरोइन तस्करी के मामले में वांछित पूर्णराम शर्मा उर्फ पूर्ण अघोरी को आखिरकार हनुमानगढ़ पुलिस ने उज्जैन से धर दबोचा। दो साल से अधिक समय से फरार चल रहा यह तस्कर अघोरी वेश में तंत्र साधना के बहाने देश के विभिन्न प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों पर खुद को साधु के रूप में छिपाकर रह रहा था।

### चिट्टा तस्करी में नाम आया सामने :

पुलिस अधीक्षक हरिशंकर ने बताया कि 14 मार्च 2023 को हनुमानगढ़ टाउन पुलिस ने नवीन कुमार, ताराचंद और सुरेन्द्र कुमार उर्फ छिन्दा को 115 ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में इन आरोपियों ने बताया कि उन्होंने यह मादक पदार्थ पूर्णराम शर्मा से खरीदा था। तभी से पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी।

### अघोरी बन देशभर के मंदिरों में छिपता रहा

टाउन थानाधिकारी सुभाषचंद्र ने बताया की गिरफ्तारी से बचने के लिए पूर्णराम ने अघोरी साधु का रूप धारण कर लिया। उसने महाकाल मंदिर, उज्जैन को अपना पहला ठिकाना बनाया और खुद को 'पूर्ण अघोरी' कहने लगा। वहां वह तंत्र साधना में लिप्त रहा और चेले भी बना लिए।

इसके बाद वह कामाख्या मंदिर असम, तारापीठ पश्चिम बंगाल, काशी के काल भैरव मंदिर और नीलांचल पर्वत जैसे स्थलों पर शव साधना करता रहा। जानकारी में सामने आया है की उसने सौ से अधिक शवों के साथ तांत्रिक क्रियाएं करने की बात स्वीकार की है।

### नाम और हुलिया दोनों बदल दिए थे

पुलिस को लगातार चकमा दे रहा यह आरोपी पूरी तरह साधु की वेशभूषा में रहता था। नाम, पहनावा, भाषा और रहन-सहन से उसने खुद को साधक साबित कर रखा था। मगर पुलिस ने तकनीकी निगरानी और मुखबिर तंत्र की सहायता से उसकी पहचान उज्जैन में सुनिश्चित की और उसे गिरफ्तार कर लिया।

### एनडीपीएस एक्ट सहित कई मामलों में वांछित

पूर्णराम शर्मा पुत्र प्रेमसुख शर्मा, वार्ड नं. 3, चक 26 जीबी, थाना विजयनगर, जिला श्रीगंगानगर का रहने वाला है। उस पर एनडीपीएस एक्ट सहित श्रीगंगानगर जिले में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल उसे हनुमानगढ़ लाकर पूछताछ की जा रही है।

# किशन सालवी आत्महत्या मामला: हाईकोर्ट ने आरोपी अनिताराज की जमानत याचिका की खारिज

## दूसरा आरोपी अब तक जांच अधिकारी के समक्ष नहीं हुआ पेश

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर

(पेसवानी)।कोशीथल निवासी किशन सालवी आत्महत्या मामले में गिरफ्तार आरोपी अनिताराज पत्नी सुशील कुमार की जमानत याचिका जोधपुर हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। जस्टिस मुकेश राजपुरोहित की अदालत में पीपी हाथीसिंह जोधा, एडवोकेट के.एल. चौहान और सतीश कुमार ने परिवादी लखन सालवी की ओर से पैरवी की।

किशन सालवी ने 4 फरवरी को आत्महत्या कर ली थी। सुसाइड नोट में दिल्ली की अनिताराज, चित्तौड़गढ़ निवासी ओमप्रकाश गर्ग व उसके पुत्रों पर ठगी व मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए थे। पुलिस ने 5 फरवरी को एफआईआर दर्ज की थी, और 20 जून को अनिताराज को गिरफ्तार किया गया।

एक अन्य आरोपी ओमप्रकाश गर्ग को हाईकोर्ट से गिरफ्तारी पर स्टे तो मिला, लेकिन कोर्ट के निर्देश के बावजूद वह 9 जून को जांच अधिकारी के समक्ष पेश नहीं हुआ।



ग़ौरतलब है कि किशन को बैंगलोर बुलाकर व्यवसाय में तीन गुना लाभ का झांसा दिया गया। उससे करीब 7 लाख रुपये ले लिए गए और फिर डेविड नामक व्यक्ति की गिरफ्तारी की कहानी सुनाकर सभी लोग भाग गए। किशन के लगातार पैसे मांगने पर फोन ब्लॉक कर दिए गए। निराश होकर 4 फरवरी को उसने आत्महत्या कर ली।

परिवार का आरोप है कि आरोपियों का संगठित गिरोह कई युवाओं को फंसा चुका है। मामले की जांच अब सीआईडी (सीबी) कर रही है।

# भारी बारिश की चेतावनी के बाद भीलवाड़ा जिले में आज भी स्कूलों में अवकाश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भीलवाड़ा जिले के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में एक दिन का अवकाश 30 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है ।

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने इस संबंध में जारी आदेश में बताया कि मौसम विभाग की जिले में भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए जिले के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में अध्ययन विद्यार्थियों की सुरक्षा के संदर्भ में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अरूणा गारू के प्रस्ताव के अनुसार जिले में संचालित सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में 30 जुलाई का अवकाश रहेगा।

आदेश में जिला कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि इस आदेश की अवहेलना करने वाले विद्यालयों के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2006 के प्रावधानों के तहत नियम अनुसार कार्य अमल में लाई जाएगी। यह आदेश सरकारी और निजी विद्यालयों पर लागू होगा।




'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

CMYK

# जर्जर भवनों पर कार्रवाई तेज – कई स्कूल व आंगनबाड़ियाँ सील

## बिजौलिया में निरीक्षण के दौरान दर्जनों शिक्षण संस्थान पाए गए खतरनाक स्थिति में

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

शिक्षण संस्थानों में जर्जर भवनों को लेकर प्रशासन और विभागों की टीमों ने मंगलवार को कस्बे सहित कई क्षेत्रों में व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान कई स्कूलों और आंगनबाड़ियों के भवन अत्यंत खस्ताहाल और अनुपयोगी पाए गए, जिन्हें तुरंत प्रभाव से सील कर उपयोग पर पाबंदी लगा दी गई।

**उपखंड अधिकारी ने स्कूल भवन को किया सील**

उपखंड अधिकारी अजीत राठौड़ ने बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिजौलिया के पुराने भवन को पूरी तरह खतरनाक मानते हुए सील करने के आदेश दिए। साथ ही छात्राओं को सुरक्षित आवागमन हेतु मुख्य द्वार बड़ा गेट के उपयोग के निर्देश दिए गए।

**कक्षा कक्षों पर लगाई गई रोक**

तहसीलदार ललित डिडवानिया ने उच्च प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मीनिवास के तीन कक्षों को खतरनाक स्थिति में पाते हुए विद्यार्थियों और स्टाफ को उनका उपयोग न करने की कड़ी हिदायत दी।




**देवनगर स्कूल सील, बच्चों को आंगनबाड़ी में पढ़ाने के निर्देश**


मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मालीराम यादव और नोडल प्रधानाचार्य दिलीप सिंह ने प्राथमिक विद्यालय देवनगर को पूर्णतः अनुपयोगी मानते हुए पूरे भवन को सील कर दिया और बच्चों को पास की आंगनबाड़ी में पढ़ाने के निर्देश दिए।

**कई स्कूलों में कमरे बंद, वैकल्पिक व्यवस्था के निर्देश**

- हायर सेकेंडरी विद्यालय गणेशपुरा में तीन कमरे,
- सलावटिया में आठ कमरे,
- इन्द्रपुरा में दो कमरे,
- तिलस्वां का पूरा पुराना भवन,
- प्राथमिक विद्यालय बड़ा दरवाजा, दानपुरा व सतकुडिया के पूरे भवन सील कर दिए गए।
- उच्च प्राथमिक विद्यालय लोड़दा,
- बेरीसाल में चार कमरे व बरामदा,
- खड़ीपुर में तीन कमरे व पोल जर्जर पाए जाने पर इन पर प्रतिबंध लगाया गया।

**20 आंगनबाड़ियों का निरीक्षण, 9 को किया गया बंद**

आंगनबाड़ी सुपरवाइजर संगीता धाकड़ ने मंगलवार को 20 आंगनबाड़ियों का निरीक्षण किया,



जिनमें से 9 को खतरनाक स्थिति में पाते हुए बंद करने के निर्देश दिए। इनमें प्रमुख रूप से बड़ा दरवाजा चार नंबर, कोली मोहल्ला तीन नंबर, छोटी बिजौलिया, झाड़ोली, तिलस्वां, चीता बड़ा आदि शामिल हैं।

**क्षेत्रवासियों ने की व्यापक सर्वे की मांग**

स्थानीय लोगों ने अन्य गांवों में भी जर्जर भवनों की स्थिति का सर्वे कर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि जब तक इन भवनों की समुचित मरम्मत नहीं हो जाती, तब तक इनका उपयोग पूर्णतः बंद किया जाए ताकि किसी भी दुर्घटना की आशंका से बचा जा सके।

# स्व. राजोरा की 11वीं पुण्यतिथि पर बच्चों को वितरित की गई पानी की बोतलें



**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(जसवंत पारीक)**

स्वर्गीय लोकेंद्र सिंह राजोरा की 11वीं पुण्यतिथि मंगलवार को श्रद्धा और सादगी से मनाई गई। इस अवसर पर स्व. लोकेंद्र सिंह के परिजनों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में अध्ययनरत 172 बच्चों को पानी की बोतलें वितरित की गईं।

कार्यक्रम की शुरुआत स्व. लोकेंद्र सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इस भावपूर्ण अवसर पर आकोला पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिमेष जांगिड़, जितेंद्र राजोरा, सुशीला देवी राजोरा, प्रतापकीर्ती राजोरा, जसवंत पारीक, विकास पाराशर, मीना चौधरी, अंतिम बाला तिवारी, इंदुबाला शर्मा, मंजू देवी उपाध्याय, मंजू देवी जोशी, प्रेम देवी पाराशर सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# 2 अगस्त को हजरत सैयद सुजाअत अली सरकार की बरसी, दरगाह पर आम लंगर और चादर शरीफ का आयोजन



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

कौमी एकता, भाईचारे और धार्मिक सौहार्द की मिसाल हजरत सैयद सुजाअत अली सरकार की दरगाह पर 2 अगस्त को सालाना बरसी अकीदत और श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। आयोजन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

1 अगस्त की रात ईशा की नमाज के बाद मिलाद शरीफ का आयोजन होगा। 2 अगस्त को दोपहर में कायमखानी मदरसा से चादर शरीफ का जुलूस निकाला जाएगा, जो नातख्वानी व दरूद-सलाम के साथ दरगाह पहुंचेगा।

नमाज-ए-असर के बाद शाम 4 बजे से दरगाह परिसर में आम लंगर का आयोजन होगा, जिसमें सभी धर्मों के लोग शामिल होंगे। आयोजन समिति द्वारा साफ-सफाई, जल व्यवस्था व यातायात नियंत्रण की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

दरगाह समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में शामिल होकर आपसी सौहार्द और अमन का पैगाम देने की अपील की है।

# श्री तिलस्वां शिवमहापुराण कथा महोत्सव : 1 से 7 अगस्त तक, 31 जुलाई को शोभायात्रा से होगा शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ तिलस्वा**

श्रावण मास में ऊपरमाल के सुप्रसिद्ध शिव तीर्थ श्री तिलस्वां महादेव की पुण्यभूमि पर शिवमहापुराण कथा महोत्सव 1 से 7 अगस्त तक भव्य रूप में आयोजित होगा।

इस धार्मिक आयोजन का शुभारंभ 31 जुलाई को दोपहर 3 बजे भव्य विराट शोभायात्रा के साथ किया जाएगा। आयोजन को लेकर पूरे ऊपरमाल क्षेत्र में भक्तिमय उत्साह का माहौल है।

कथा का वाचन गौवत्स पं. विष्णु श्रीकृष्णतनय महाराज (गुर्जी) द्वारा किया जाएगा। यह आयोजन सकल आम चौखला ऊपरमाल परिक्षेत्र के सहयोग से संपन्न होगा।



# नर्बदेश्वर महादेव मंदिर में नगर निगम द्वारा आयोजित हुआ सहस्त्रधारा अभिषेक का आयोजन



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

नगर निगम द्वारा श्रावण मास में चल रहे 70 वार्डों में 70 मंदिरों में 70 सहस्त्रधारा अभिषेक कार्यक्रम के तहत मंगलवार को वार्ड 36 के नर्बदेश्वर महादेव मंदिर में महापौर राकेश पाठक और पार्षद सुशीला जैन की उपस्थिति में अभिषेक संपन्न हुआ। पं. योगेंद्र शर्मा व सहयोगी पंडितों ने विधिवत पूजा कराई। इस मौके पर राजेंद्र जैन, कैलाश मूंदड़ा, सुरेश छापरवाल, शांतिलाल गांधी, शिव पाराशर सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। बुधवार शाम 4 बजे वार्ड 67 व 68 का संयुक्त अभिषेक चारभुजा मंदिर, मालोला चौराहा पर होगा।

# भाजपा नेता शर्मा का जन्मदिन मनाया, विभिन्न स्थानों पर हुआ भव्य स्वागत



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

भारतीय जनता पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष एवं पूर्व सरपंच प्रकाश चंद्र शर्मा का जन्मदिन मंगलवार को पूरे क्षेत्र में उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर बिजौलिया व आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किए गए। माल खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा इकाई अध्यक्ष दुर्गेश दरोगा, प्रकाश बैरागी, मदन खाती, रामनाथ योगी, रामस्वरूप दरोगा, किशन दरोगा, शंभूलाल गुर्जर, सीताकुंड विकास समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश झवर, मनोज बैरागी में स्वागत सम्मान किया । वहीं बिजौलिया में भाजपा सनातन संस्कृति के अनुसार श्रीफल भेंट कर व मुँह मीठा करवाकर शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र बंजारा , पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज गोधा , महामंत्री मुकेश धनोप्या , उपाध्यक्ष शांतिलाल जोशी, पूर्व नगरपालिका प्रतिनिधि शिवचंद्र चंद्रवाल , किसान मोर्चा अध्यक्ष सुनील जोशी, कोषाध्यक्ष शंकर बंजारा, वेद प्रकाश तिवाड़ी, अमरसिंह रावत, अमित जैन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com



## QUICK BITES

## बन का खेड़ा में चरक जयंती पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला




**(रमेश चंद्र डाड)।** बन का खेड़ा स्थित राजकीय आयुर्वेद औषधालय में नाग पंचमी के अवसर पर मंगलवार को चरक जयंती मनाई गई। इस मौके पर डॉ. रमेश चंद मीणा अतिरिक्त निदेशक, मुख्यालय अजमेर और डॉ. समय सिंह मीणा सहायक औषधि नियंत्रक, अजमेर ने चरक पूजन किया और औषधालय का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने हर्बल गार्डन, योग स्थल और औषधियों की स्थिति देखी और आवश्यक सुझाव दिए। इस अवसर पर आयुष नर्स लाड़ आचार्य, शांता देवी, आशा सहयोगिनी जुबेदा, विमला, सीमा, गायत्री सहित स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम में चरकाचार्य के योगदान पर संगोष्ठी भी आयोजित की गई।

## भीलवाड़ा में सिंधी समाज की महिलाओं ने श्रद्धा से मनाया गोगड़ों का पर्व

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



श्रावण मास की पंचमी तिथि पर मंगलवार को सिंधी समाज की महिलाओं ने गोगड़ों का पर्व पारंपरिक श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया। वीर सावरकर चौक, नाथद्वारा सराय, सिंधु नगर, शास्त्री नगर सहित विभिन्न क्षेत्रों में महिला मंडलों ने समूह में पूजा अर्चना की। महिलाओं ने गोबर से गोगड़ों की प्रतिमा बनाकर, उन्हें वस्त्र पहनाए, सिंदूर लगाया और दूध, जल से पूजन कर मीठे व्यंजनों का भोग अर्पित किया। यह पर्व पुत्रों और भाइयों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना के साथ मनाया जाता है।

पूजन में वर्षा सखरानी, अनामिका बहरवानी, सुनीता नेभवानी, रोमा लखवानी, माया लालवानी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक परिधानों में शामिल हुईं। गीत-भजनों के साथ आयोजित इस पर्व ने लोक संस्कृति और धार्मिक समर्पण का भाव जगाया।

## मतदाता पुनरीक्षण प्रशिक्षण का डीईओ ने किया औचक निरीक्षण, बीएलओ को दिए जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**भीलवाड़ा ।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत चल रहे बीएलओ और पर्यवेक्षक प्रशिक्षण सत्र का मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या विद्यालय में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ से सीधा संवाद करते हुए कहा कि ÷फॉर्म भरने से लेकर मतदाता सहायता तक हर कार्य जिम्मेदारी से करें।÷ उन्होंने मतदाता सूची शुद्धिकरण, जन्मतिथि सत्यापन, फॉर्म जांच, वरिष्ठ व दिव्यांग मतदाताओं की सहायता जैसे कार्यों में पारदर्शिता और सावधानी बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ को यह स्पष्ट पता होना चाहिए कि उन्हें कितने नए पात्र मतदाता जोड़ने हैं। हर आवेदन नियमों के अनुरूप स्वीकार/अस्वीकार किया जाए। फॉर्म की जांच, दस्तावेजों की प्रमाणिकता और क्रम संख्या का ध्यान रखने की भी सख्त हिदायत दी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश मेहरा ने भी प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने की अपील करते हुए डाउट सेशन में सभी शंकाएं दूर करने की सलाह दी। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी दिव्यराज सिंह, तहसीलदार दिनेश साहू सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।


# भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हुआ बिजौलिया अस्पताल का जर्जर भवन, एक ईंट के सहारे खड़ा, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया

उपखंड मुख्यालय का उप जिला चिकित्सालय का पुराना भवन अब जानलेवा बन चुका है। बीते दो रविवार रात में हुई भारी बारिश के बाद भवन का ऊपरी हिस्सा अब पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। यहां तक कि एक दीवार अब महज़ एक ईंट के सहारे खड़ी है, जो कभी भी गिर सकती है। इसके बावजूद इस पर न तो कोई कार्यवाही हो रही है, न ही प्रशासन की कोई ठोस पहल सामने आई है।

### 2021 से फाइल अटकी, अब हादसे की आशंका

जानकारी के अनुसार, इस जर्जर भवन को लेकर चिकित्सा विभाग ने वर्ष 2021 में ही सार्वजनिक निर्माण विभाग को रिपोर्ट भेज दी थी और भवन को कंडम घोषित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। लेकिन तब से लेकर आज तक यह फाइल सिर्फ कागजों में घूम रही है। परिणामस्वरूप अब ये भवन न केवल मरीजों और स्टाफ बल्कि आसपास रह रहे चिकित्सकों के परिवारों के लिए भी खतरे का कारण बन गया है।



बिजोलिया : पुराने अस्पताल का जर्जर भवन



बिजोलिया : एक ईट पर टिकी दीवार

### हर बारिश बनती है आफत

बारिश के दिनों में यहाँ कि स्थिति और भयावह हो जाती है। छत से प्लास्टर और रोड़ी लगातार गिरती रहती है। पहली मंजिल के लेंटर की हालत इतनी खराब है कि वह कभी भी खिसककर नीचे गिर सकता है। सफाई के अभाव में दीवारों पर पेड़ उग आए हैं, जिनकी जड़ें धीरे-धीरे भवन को कमजोर कर रही हैं।

### लोगों ने आवाजाही बंद की, फिर भी कार्रवाई नहीं

स्थानीय लोग और मरीज अब इस भवन में जाना बंद कर चुके हैं। कई बार अस्पताल प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शिकायत की गई, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।स्थानीय लोगों की मांग है कि प्रशासन जल्द से जल्द कार्रवाई कर इस भवन को हटवाए, ताकि कोई बड़ा हादसा होने से पहले स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सके।

### इनका कहना हैं

पुराने भवन की जर्जर हालत को लेकर 2021 में ही सार्वजनिक निर्माण विभाग को सूचित कर दिया गया था। विभाग ने भवन को कंडम घोषित कर दिया है, लेकिन निदेशालय से अनुमति नहीं मिलने के कारण अभी तक इसे गिराया नहीं जा सका है। फिलहाल लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवाजाही बंद कर दी गई है। जैसे ही अनुमति मिलती है, भवन को हटाया जाएगा।

**डॉ. अंसार खान, चिकित्सा अधिकारी, उप जिला चिकित्सालय बिजौलिया**

# मैनाली नदी की पुलिया टूटी, वाहन चालक जान जोखिम में डाल रहे पार





भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़

**रईश मंसूरी**

त्रिवेणी-जोजवा सड़क मार्ग पर मैनाली नदी की पुलिया एक बार फिर बारिश में टूटकर बह गई है। पिछले चार वर्षों से यह पुलिया हर वर्ष टूट रही है, लेकिन सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा केवल मिट्टी भरकर खानापूर्ति की जा रही है।

इस बार पुलिया दो स्थानों से बड़े हिस्से में टूट गई, जिससे सैकड़ों गांवों के ग्रामीणों को आवाजाही में भारी दिक्कत हो रही है। तेज बहाव के बीच वाहन चालक जान जोखिम में डालकर पुलिया पार कर रहे हैं, जबकि न तो चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि घटिया निर्माण और विभागीय लापरवाही के कारण हर साल यह स्थिति बनती है। प्रशासन की अनदेखी के चलते कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# भीलवाडा मे 4 दिन मे 1400 स्कूलो का सर्वे,1142 कमरे व 18 स्कूले सीज

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**डॉ .चेतन ठठेरा**

प्रदेश के झालावाड़ से मनोहर थाना में पिछले सप्ताह एक सरकारी स्कूल का भवन ढहने से हुई दुखांतिका के बाद सरकार हरकत में आई और सभी जिलों में अधिकारियों की टीम में लगाकर ताबड़तोड़ तरीके से सभी सरकारी स्कूल भवनों और आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण के आदेश देते हुए क्रियान्वित्ती शुरू कर दी है और इसी सर्वे अभियान के तहत भीलवाड़ा जिले में पिछले चार दिनों में मंगलवार तक विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के 14 ब्लॉक में कुल 1357 स्कूलों का सर्वे किया जाकर 18 स्कूल भवन पूरी तरह सीज कर दिए गए हैं । इसी प्रकार 87 आगंनबाडी केंद्र भी सीज किए गए तथा 1142 कमरों और बरामदों को सीज किया गया है। सर्वे अभियान का बुधवार 30 जुलाई को आखिरी दिन है ।

### सर्वे का आज अंतिम दिन



**पिछले दिनो मे किए गए सर्वे के दौरान सीज स्कूल,आगंनबाडी व कमरो की स्थिति**

स्कूल निरीक्षण -1375
कमरे सीज - 1142
आगंनबाडी केन्द्र - 89
स्कूल के पूरे भवन सीज -18

**भीलवाड़ा ज़िले में मंगलवार को निरीक्षण और कमरे सीज**

| ब्लॉक | स्कूल | कमरे सीज |
|---|---|---|
| बिजौलिया | 10 | 25 |
| हुरडा | 15 | 22 |
| जहाजपुर | 66 | 27 |
| कोटडी | 24 | 40 |
| माण्डलगढ | 113 | 33 |
| शाहपुरा | 47 | 05 |
| बनेडा | 73 | 53 |
| माण्डल | 81 | 41 |
| करेडा | 46 | 29 |
| आसींद | 41 | 61 |
| रायपुर | 27 | 22 |
| सहाडा | 55 | 81 |
| सुवाणा | 22 | 54 |
| बदनोर | 05 | 20 |
| कुल | 625 | 513 |

# खनन क्षेत्रों में श्रमिकों की टीबी व सिलिकोसिस जांच हेतु विशेष शिविर 1 अगस्त से

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

खनन प्रभावित क्षेत्रों में श्रमिकों और उनके परिजनों की टीबी व सिलिकोसिस की जांच के लिए 1 अगस्त से जिलेभर में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। ये शिविर सिलिकोसिस एमएमयू वेन के माध्यम से जिला मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट व चिकित्सा विभाग के सहयोग से आयोजित होंगे।

सीएमएचओ डॉ. सी.पी. गोस्वामी ने बताया कि शिविरों में स्क्रीनिंग, परामर्श और उपचार संबंधी सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को शिविरों में अनिवार्य उपस्थिति व अधिकतम श्रमिकों तक प्रचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। शिविरों की शुरुआत 1 अगस्त को आसिन्द के जिवलिया गांव से होगी। इसके बाद बिजौलिया, बनेड़ा, मांडलगढ़, मंडल, गुलाबपुरा, कोटड़ी, जहाजपुर, रायपुर, शाहपुरा व गंगापुर ब्लॉक के विभिन्न गांवों में 29 अगस्त तक यह सेवा दी जाएगी।

# जोगणियां माता शक्तिपीठ में हुआ सवा लाख पार्थिव शिवलिंगों का पूजन-अभिषेक

**श्रावण मास के अवसर पर विविध स्वरूपों में सजाए शिवलिंग, सहस्रधारा रुद्राभिषेक भी संपन्न**

भीलवाड़ा फोकस @ बेंगू

( दिनेश गुर्जर ) । श्री जोगणियां माता शक्तिपीठ वेद विद्यालय परिसर में श्रावण मास के अंतर्गत सवा लाख पार्थिव शिवलिंगों का भव्य पूजन-अभिषेक किया गया। शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि वेद विद्यालय के बटुकों और आचार्य वर्ग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी विशेष अनुष्ठान सम्पन्न किया गया।



इस दौरान भगवान शिव के पार्थिव स्वरूप को विविध कलात्मक रूपों में सजाया गया। विशेष रूप से यंत्र स्वरूप में पूजन कर शिव शक्ति की आराधना की गई। श्रावण मास भर मंदिर परिसर स्थित सप्त महादेव मंदिरों में प्रतिदिन पारंपरिक नमक चमक रुद्राभिषेक किया जा रहा है। वहीं, हर श्रावण सोमवार को महाकालेश्वर महादेव का सहस्रधारा जलाभिषेक विशेष अनुष्ठान के रूप में संपन्न हो रहा है।जोशी ने बताया कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण हों, इसके लिए प्रत्येक पूजन और अभिषेक के दौरान विशेष संकल्प लिए जाते हैं।

# विकास से दूर राधेनगरः मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसते लोग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**बृजेश शर्मा**

पुर रोड स्थित राधेनगर कॉलोनी के निवासी इन दिनों बुनियादी सुविधाओं के अभाव में नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। जर्जर सड़कें, नालियों का अभाव और जलभराव जैसी समस्याएं यहां आम हो चुकी हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई, लेकिन हालात जस के तस हैं।



**कीचड़ से भरी सड़कें, बच्चों को स्कूल जाना भी मुश्किल**

कॉलोनी की मुख्य सड़कें गड्ढों और कीचड़ से भरी हुई हैं। बारिश में हालात और खराब हो जाते हैं। स्कूल वाहन दरवाजे तक नहीं पहुंच पाते, जिससे छोटे बच्चों को कीचड़ में चलकर वाहन तक जाना पड़ता है। इससे उनके ड्रेस खराब हो जाते हैं और उन्हें स्कूल में डांट भी झेलनी पड़ती है।

**आपातकालीन सेवाएं भी नहीं पहुंच पातीं**

स्थिति इतनी दयनीय है कि एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसे वाहनों का पहुंचना भी नामुमकिन हो गया है। अगर किसी की तबीयत बिगड़ जाए या आग लग जाए, तो समय पर मदद मिलना मुश्किल है। इससे बड़ी अनहोनी की आशंका बनी रहती है।

**स्थानीयों में आक्रोश, बन सकता है चुनावी मुद्दा**

पवन जैन, संजय छीपा, प्रकाश छीपा, पंकज त्रिपाठी, गोपाल वैष्णव सहित सैकड़ों महिलाओं ने बताया कि कॉलोनी में न सड़क है, न नालियां, न ही साफ पीने का पानी। यदि जल्द कार्य नहीं हुआ तो संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। रहवासियों का कहना है कि कॉलोनी विस्थापन के बाद से ही सड़क निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। वर्षों से उपेक्षा झेल रहे लोग अब इस मुद्दे को आगामी नगर निगम चुनाव में प्रमुखता से उठाने की तैयारी कर रहे हैं।

# मांडल में बिजली सेवा ठपः फॉल्ट पर नहीं मिल रही तुरंत राहत, वाहन न होने से कर्मचारी लाचार

भीलवाड़ा फोकस @ मांडल

क्षेत्र में बिजली फॉल्ट की स्थिति में उपभोक्ताओं को अब घंटों अंधेरे में रहना पड़ रहा है। इसकी बड़ी वजह है ,बिजली विभाग की लापरवाही और ठेकेदार के पास वाहन की अनुपलब्धता। जानकारी के अनुसार, मांडल क्षेत्र में बिजली रखरखाव का ठेका संध्या कंपनी के पास है, लेकिन कर्मचारियों के पास मौके पर पहुंचने के लिए कोई वाहन नहीं है। पहले उपलब्ध वाहन भी कंपनी द्वारा वापस



ले लिया गया है। स्थानीय लोग जब बिजली फॉल्ट की शिकायत करते हैं, तो कर्मचारियों का कहना होता है ÷वाहन नहीं है, कैसे आएं?÷ कई बार कॉल तक नहीं उठाया जाता। इससे ग्रामीणों और कस्बेवासियों में भारी आक्रोश है। वहीं, मांडल का बिजली विभाग कार्यालय खुद भी जर्जर हालात में है–छतें टपक रही हैं और भवन हादसे की आशंका बना रहा है। बरसात के मौसम में हालात और बिगड़ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने समय रहते ठोस व्यवस्था लागू करने की मांग की है।

# समाज के ही एक व्यक्ति पर झूठा मामला दर्ज कराने का आरोप

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

माली सैनी समाज ने मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि समाज के ही एक व्यक्ति द्वारा समाज के 24 प्रतिष्ठित जनों के खिलाफ कोटड़ी थाने में झूठा बहिष्कार प्रकरण दर्ज कराया गया है, जिससे समाज की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। जिला महामंत्री



सत्यनारायण माली ने बताया कि इस प्रकरण को लेकर समाज में भारी नाराजगी है। प्रदर्शन से पूर्व मुखर्जी उद्यान में बैठक कर रणनीति बनाई गई, फिर रैली निकाल कर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रदेश महामंत्री गोपाललाल माली, जिलाध्यक्ष भैरूलाल माली, प्रदेश सचिव हरनारायण माली, युवा जिलाध्यक्ष उदयलाल माली, सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। समाज ने निष्पक्ष जांच कर दोषी पर कार्यवाही की मांग की।

# जन्माष्टमी पर संकटमोचन हनुमान मंदिर पर सजेगी 25 से अधिक झांकियां

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

संकटमोचन हनुमान मंदिर, मुख्य डाकघर के पास, 16 अगस्त को जन्माष्टमी पर्व पर खास आयोजन करेगा। महंत बाबूगिरीजी महाराज के सान्निध्य में आयोजित होने वाले उत्सव में 25 से अधिक विद्युत्तचलित झांकियां सजाई जाएंगी, जो कृष्ण जन्म, बाल लीलाएं, कंस वध जैसे प्रसंगों के साथ सामाजिक संदेश भी देंगी। हनुमानजी को डायमंड चोला चढ़ाया जाएगा, और मंदिर को फूलों व रंग-बिरंगी लाइटिंग से सजाया जाएगा। झांकियों को दिल्ली, आगरा और मथुरा से आए कलाकार तैयार करेंगे। शाम 5 बजे से दर्शन शुरू होंगे, जबकि रात 12 बजे भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव पंचामृत अभिषेक और भोग के साथ मनाया जाएगा। संकटमोचन मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी सांवरमल बंसल, महावीर अग्रवाल व रमेशचंद बंसल ने बताया कि गोलप्याउ से नगर परिषद चौराहे तक भव्य सजावट की जाएगी। आयोजन को सफल बनाने में समाज के सभी वर्गों का सहयोग लिया जा रहा है।

## QUICK BITES

### उमराह जियारत पर रवाना हुए यात्रियों का ग्रामीणों ने किया स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला



**(रमेश चंद्र डाड)**। इस्लाम धर्म के पवित्र तीर्थ मक्का-मदीना शरीफ की उमराह जियारत पर रवाना हो रहे मोहम्मद खुदा बख्श रंगरेज और उनकी पत्नी शरीफन बानो का कस्बे में परिजनों व मुस्लिम समाजजनों ने माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।

इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें अल्लाह-मोहम्मद की तस्वीरें भेंट कर मक्का-मदीना में अमन-चैन, खुशहाली व समृद्धि की दुआ करने को कहा। स्वागत में महबूब, फारूक, निजामुद्दीन, मकबूल, गफ्फार, रफीक मोहम्मद, अल्ताफ, आरिफ, सलमान, शाहरुख सहित कई लोग मौजूद रहे।

### माताजी का खेड़ा में नरेगा स्थल पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित


भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



तालुका विधिक सेवा समिति, शाहपुरा के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में पीएलवी आशा महावर ने ग्राम माताजी का खेड़ा स्थित नरेगा कार्यस्थल पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया। शिविर में श्रमिकों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई तथा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी साझा की गई। बाल विवाह, दहेज प्रथा व कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों पर भी जागरूक किया गया। ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर विधिक जानकारी प्राप्त की।

### आचार्य वर्धमान सागर महाराज के सानिध्य में हुआ 'जैन गजट' का विमोचन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



टोंक स्थित दिगंबर जैन नसिया में आयोजित राष्ट्रीय जैन पत्रकार संगोष्ठी में आचार्य वर्धमान सागर महाराज को 'जैन गजट' समाचार पत्र की प्रति भेंट की गई। इस अवसर पर आचार्यश्री ने पत्रकार प्रकाश पाटनी को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि वे धर्म से जुड़कर रचनात्मक समाचारों के माध्यम से जैन धर्म की प्रभावना को आगे बढ़ाते रहें।
आचार्यश्री के सानिध्य में जैन गजट का विधिवत विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर अनेक जैन पत्रकार व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### चरक जयंती पर आयुर्वेद और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया




आयुर्वेद औषधालय आँट में श्रावण शुक्ल पंचमी के अवसर पर महर्षि चरक की जयंती विश्व आयुर्वेद परिषद चित्तौड़ प्रांत के सहयोग से श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में महर्षि चरक के पूजन के साथ उनके आयुर्वेदिक योगदान पर चर्चा की गई। आयोजन में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, औषधि वितरण व वृक्षारोपण किया गया। वक्ताओं ने आयुर्वेद को लोककल्याणकारी जीवनशैली बताते हुए इसके प्रचार की अपील की। इस अवसर पर डॉ. संजय नागर, डॉ. सीमा नागर, गोपाली धाकड़, रेखा शर्मा, कमल योगी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890